तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

11 नगर में उल्लास के साथ मनाया गया...



11 बस्तर ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय खेल स्पर्धा...



## खबर संक्षेप

### खुदरा व्यापारियों को मिली 10, 20, 50 रुपए की करंसी



**जगदलपुर।** मुख्य मार्ग व्यापारी कल्याण समिति ने आज खुदरा व्यवसायियों को उनकी संस्थानों में जा कर करेंसी 10, 20, 50 रुपए के नोटों का वितरण किया। समिति के अध्यक्ष दिनेश सराफ ने उक्त जानकारी दी।

### कांग्रेस ने मनाई नंद कुमार पटेल की जयंती



**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. नंदकुमार पटेल की जयंती मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी सतपाल शर्मा, अंगद प्रसाद त्रिपाठी, हनुमान द्विवेदी, आरके गिरी, नरेंद्र तिवारी, रविशंकर तिवारी, उस्मान रजा समेत अन्य मौजूद रहे।

### सीईओ ने विद्यालय निरीक्षण कर समस्याओं को जाना



**बास्तानार।** बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कलेक्टर के आदेशानुसार सीईओ जनपद पंचायत राजीव नाग शुक्रवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने विद्यालय परिसर में शिक्षा की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। हाल ही में कलेक्टर एस हरीश ने विद्यालय निरीक्षण कर आदेशित किया था कि विद्यालय में विभिन्न समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाए जिसके बाद सहायक आयुक्त और सीईओ जनपद पंचायत ने विद्यालय निरीक्षण करके समस्याओं को जाना। साथ ही कक्षाओं का निरीक्षण किया जिनमें शिक्षको से सवाल-जवाब किए जिससे विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को जांचा। सफाई व्यवस्था को देखते हुए विद्यालय मेस में खाने की गुणवत्ता को जांचा। विद्यालय की सभी समस्याओं का जल्द निराकरण करने को आश्वस्त किया।

### कलार समाज की मांग को जल्द ही पूरा किया जाएगा



**जगदलपुर।** दरभा ब्लाक के ग्राम नेगानार में संभागीय कलार समाज द्वारा जय सहशस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के उपलक्ष में पूजा अर्चना कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। विधायक जय सहशस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के पूजा अर्चना में शामिल होकर भगवान से बस्तर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना करते संभागीय कलार समाज जुगानी को जयंती की शुभकामनाएं दी। देव ने कहा समाज ने जो भी मांग रखा है उसे जल्द पूरा किया जाएगा। इस दौरान रामाश्रय सिंह, मनोहर तिवारी, फूल सिंह सेठिया, सूरीज नाथ, बलराम, दुर्जन, मंडल, पीडी हरीश, संतोष बघेल , गागराराम, अनंत राम कश्यप, सीता नाग, दलपत राय, जयमन मोर्य, मंगल साय, सोनू राम, मुन्ना नाग, सूरज जायसवाल, मोहन जायसवाल, सोनामनी, भोला श्रीवास्तव, धमेंद्र ठाकुर, बीइओ पात्र एवं समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे ।





*पूर्जा- अर्चनाः चार दिवसीय छठ महापर्व हुआ संपन्न*

# उगते सूर्य को व्रती महिलाओं ने अर्घ्य दिया और छठी मईया को लगाया ठेकुआ का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को संपन्न हो गया। व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया को नमन किया। सुबह-सुबह सूर्य को सभी ने पूरी श्रद्धा से आराधना की सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद 36 घंटे का महिलाओं का निर्जला व्रत पूरा हुआ। महापर्व के दौरान शहर के गंगामुंडा तालाब, महादेव घाट एवं दलपत सागर किनारे आस्था का सैलाब देखने को मिला। तालाबों में छठ व्रतियों के श्रद्धा का विहंगम दृश्य देखने को मिला। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठ व्रतियों ने पूरे विधि विधान से छठी मैया की पूजा-अर्चना की। सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, महापौर सफिरा साहू, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, भाजपा प्रवक्ता संजय पाण्डेय, रामाश्रय सिंह समेत अन्य लोग पहुंचे और लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी।



### सुख-समृद्धि की कामना की

छठ घाटों पर भारी तादाद में व्रतियों ने पानी में उतरकर छठी मैया की आराधना की। यह व्रत छठी मैया और भगवान को समर्पित होता है। मान्यता है कि छठी मैया की पूजा से घर में सुख, समृद्धि और वंश की वृद्धि होती है।

### घाट पर रही रौनक, सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे जवान

गंगामुंडा तालाब एवं दलपत सागर के तट पर भोर सुबह 3 बजे के बाद छठ व्रती पहुंचने लगे। सुबह 4 बजे तक सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना शुरू कर दी। छठ पूजा करने वाले परिवार के लोगों ने घाट पर जमकर आतिशबाजी की। समाज के लोगों ने जहां जगह-जगह रंगीन झालरें टांगी थीं। नगर निगम ने तालाब के चारों ओर लगी लाइटों के अलावा एक हाईमास्क लाइट की व्यवस्था भी की थी। पुलिस ने गंगामुंडा तालाब, महादेव घाट और दलपत सागर के तट पर पुलिस जवानों को तैनात किया था।

## छठ घाट में स्थानीय कलाकारों की हुई भक्तिमय प्रस्तुति

- छठ महापर्व पर दीपों से जगमगाया गंगामुण्डा घाट

**जगदलपुर।** छठ महापर्व पर गंगामुण्डा छठ घाट शिव मंदिर पास शाम के अर्ध्य के बाद बस्तर मिथिला युवा मंच, युवाओ, महिलाओं एवं समस्त समाज के लोगों के द्वारा गंगा मुंडा छठ घाट पर 2100 दीप जलाया गया। मिथिला समाज के लक्ष्मण झा ने बताया की बस्तर में सुख समृद्धि, सामाजिक समरसता, प्रकृति पूजा सदा बनी रहे एवं यह पूजा सूर्य भगवान की जाती है। सूर्य की रोशनी की तरह विश्व मे भारत की कीर्ति फैले एवं हर घर रोशनी से जगमगाये ऐसी कामना दीप प्रज्वलन के साथ की गई। साथ ही युवाओ के द्वारा घाट की साफ सफाई भी की गई। लक्ष्मण ने बताया कि चार वर्षो से लगातार दीप प्रज्वलित किया जा रहा है। हर वर्ष लगातार दीप में वृद्धि भी हो रही है। सभी बढ़ चढ़ कर इसमें भाग ले रहे है।लक्ष्मण ने आगे बताया भजन संध्या का कार्यक्रम ,छठ घाट युवा समिति के द्वारा कराया गया। स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जो कि रात में 12 बजे तक चली। कलाकारों ने छठ के गीत मैथिली, हिंदी, पंजाबी, स्थानीय भाषा में भी गाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। साथ ही स्व. शारदा सिन्हा को पुष्पांजलि द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर सांसद महेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, महापौर सफिरा साहू, प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे, जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, रामाश्रय सिंह, सुरेश गुप्ता, अजय पाठक, विनय झा, नरसिंह राव, श्वेता बघेल, राजपाल कसेर, कमलेश पाठक, शशि नाथ पाठक आदि उपस्थित थे।

## पार्क से लौट रही विवाहिता से लिफ्ट देने के बहाने अनाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आरोपी गिरफ्तार गया जेल

बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित लामनी पार्क घुमने गई विवाहिता से लिफ्ट देने के बहाने जगंल में ले जाकर अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला का पूर्व परिचित था जिसके चलते वह उसके झांसे में आ गई और उसके साथ चली गई। इसी बीच आरोपी उसे करकापाल के जंगल में ले जाकर अनाचार किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर रवाना किया गया था। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह 7 नवम्बर की दोपहर लामनी पार्क घूमने गई थी। वापसी के दौरान पीड़िता के पहचान वाला राजू नायक मिला जो पीड़िता को घर छोड़ देने की बात बोलकर अपने मोटर सायकल में बैठा लिया और करकापाल जंगल में ले जाकर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करते हुए जबरन बलात्कार किया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राजू नायक 27 वर्ष निवासी संजय गांधी वार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ किया ▶▶|शेष पेज 10 पर



## बाबू पर पांच माह पहले की गई थी निलंबन व एफआईआर की अनुशंसा

### 5 लाख परिजन के खाते में डाले जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर भुगतान का मामला

जिला अस्पताल में पदस्थ कैशियर, सहायक ग्रेड-2 अभिजीत सिंह चौहान के कारनामों की फेहरिस्त लंबी है। चेक में फर्जी हस्ताक्षर से लेकर प्रतीक साहू से डीएमएफ अंतर्गत कार्य दिलाने के एवज में 5 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से अपने परिजन के खाते में जमा कराने के अलावा सुभाष फैंसी स्टोर को 81 लाख रुपए के क्रय व्यय की जानकारी छुपाने के अलावा अन्य आरोप है जिसका जवाब विभागीय अधिकारी ने मांगा है। फलस्वरूप अभिजीत सिंह चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबन तथा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में


फर्जी चेक से निकाले गए 66 लाख
जांच प्रतिवेदन पहुंचा कलेक्टर के पास

प्राथमिकी दर्ज किए जाने की अनुशंसा 15 मई 2024 को उप संचालक संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छग ने संभागीय आयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग को की थी। विभाग ने इसे गंभीरता से न लेते हुए जीवनदान दे दिया। यही वजह रही कि चौहान के हौसले बुलंद हुए और गलत कारगुजारियों को ▶▶|शेष पेज 10 पर

### निलंबन की कार्रवाई

*संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग ने दिनांक 11/06/2024 को ही अपने पत्र में अभिजीत सिंह चौहान कैशियर/सहायक ग्रेड-2 को उपरोक्त उल्लेखित आरोपों के जांच में सही पाए जाने के कारण सिविल सेवा आचरण 1965 नियम-3 (1) एक (दो) (तीन) का स्पष्ट उल्लंघन है अतः उपरोक्त कारणों से क्यों न आपको निलंबित कर आपके ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई जाए।*

## बेहतर कानून व्यवस्था के लिए कांग्रेसी आईजी से मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शांति बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी : मौर्य

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस दल शहर में बेहतर व सुचारू रूप से कानून व्यवस्था संचालित करने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आईजी पी.सुंदरराज से मुलाकात की। श्री मौर्य ने कहा बस्तर हमेशा शांति का टापू रहा है पर भाजपा की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ सहित बस्तर में अप्रिय स्थिति निर्मित हो गई है। मसीह समाज द्वारा जगदलपुर में होने वाले आयोजन को लेकर आज शहर की स्थिति तनावपूर्ण रही जो कि जिला प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई व भाजपा नेताओं की पक्षपात रवैया को दर्शाता है। हमारी मांग है कि प्रत्येक समाज को उनके होने वाले आयोजन में जिला प्रशासन को नियमपूर्वक संचालित ▶▶|शेष पेज 10 पर

### आरटीओ व उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने बसों पर कसा शिकंजा

# दो दिन में 20 बसों की जांच, 25 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यात्री बसें बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग मुख्यालय से निर्देश पर आरटीओ एवं उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने दो दिन में विभिन्न सड़कों में बसों की जांच की। इस दौरान टीम ने 20 यात्री बसों पर 25 हजार 100 रूपए का जुर्माना किया और कहा कि दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर बस जब्त की जाएगी। जांच के दौरान आरटीओ स्वयं बस के अंदर जाकर यात्रियों से बातचीत भी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बसों में किराया सूची नहीं होने के चलते रोज यात्रियों एवं परिचालकों के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतें मिल रहीं है, जिसे रोकने के लिए परिवहन विभाग ने बसों की जांच शुरू कर दी और यात्रियों को कहा कि अवैध किराया दर वसूल किया जाता है तो इसकी शिकायत यदि कोई साक्ष्य या तथ्य भी हो तो संबंधित जिले के परिवहन अधिकारी से किया जाए।



### वाहनों की हो रही जांच

उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि रायपुर, उड़ीसा, कोंटा, भोपालपटनम, किरंदुल रोड में बसों के साथ अन्य वाहनों की जांच की जा रही है। नियमों उल्लंघन पर कार्रवाई की जा रही है।

### शिकायत पर होगी सख्ती

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि उड़नदस्ता प्रभारी के साथ बसों की जांच कर रहे हैं। बसों में तय से अधिक किराया की शिकायत पर सख्ती की जाएगी।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची हुई जारी

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गये जानकारी अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय मिशन ईकाई अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम के लिए आयाबाई, हॉउसकीपिंग स्टाफ, अटेंडेंट, स्टाफ नर्स, आयुष मेडिकल ऑफिसर, न्यूट्रिशियन काउंसलर, ब्लॉक एकाउंट मेनेजर, प्रायमरी एकाउंट कम डाटा असिस्टेंट सहित विभिन्न पदों पर संविधा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त पदों के लिए अंतिम मेरिट एवं चयन सूची जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साथ ही कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सूचना पटल में चस्पा कर दिया गया है। जिसका अभ्यर्थी अवलोकन कर सकते है।

### प्लेसमेंट कैम्प स्थगित

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 12 नवम्बर को शासकीय आईटीआई विश्रापुरी, 13 नवम्बर को पंचायत भवन बड़ेडोंगर और 14 नवम्बर 2024 को जनपद पंचायत भवन कोण्डागांव में आयोजित होने वाले प्लेसमेंट कैम्प को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। इसके संबंध में अन्य जानकारियां बाद में दी जाएगी।

### आईसीटीसी लैब टेकनिशियन पद के लिए आवेदन आमंत्रित


**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गये जानकारी अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोण्डागांव के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आईसीटीसी लैब टैकनिशियन के पद के लिए वॉल्क इन इंटरव्यु के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सूचना पटल पर उपलब्ध है। उपरोक्त पद के लिए अर्हता रखने वाले आवेदक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव में 15 नवम्बर 2024 को स्वयं उपस्थित होकर वॉक इन इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### बस्तर ओलम्पिक 2024 विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 15 तक

**कोण्डागांव।** बस्तर ओलम्पिक 2024 अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों के लिए खेल विभाग द्वारा तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिला खेल अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 नवम्बर 2024 को बैडमिंटन खेल, विकासनगर इंडोर स्टेडियम तथा बडेक्नेरा रोड स्थित बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा नगर पालिका टाउन हॉल कोण्डागांव में कराते और खेलो इंडिया सेंटर कोण्डागांव में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 9 नवम्बर को वॉलीबॉल के मुकाबले का आयोजन बडेकनेरा रोड स्थित वॉलीबॉल कोर्ट तथा बालक छात्रवास में होंगे। वहीं फुटबॉल एवं रस्साकसी के खेल प्रतियोगिता विकासनगर स्टेडियम में होंगे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 11 नवम्बर को विकासनगर स्टेडियम में तथा 12 नवम्बर को डी.एन.के. मैदान में आयोजित की जाएगी।

### कोण्डागांव में 24 घंटे का अखंड भजन शुरू

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ श्री सत्य साई सेवा संगठन जिला कोण्डागांव के तत्वावधान में भगवान सत्य साई बाबा की महिमा का गुणगान करने के लिए 24 घंटे के अखंड भजन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी भक्तों को एक साथ



मिलकर आध्यात्मिक शक्ति और सामूहिक भक्ति का अनुभव कराना है। भजन कार्यक्रम शनिवार को शाम 6 बजे से आरंभ होकर कल रविवार को शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोजन स्थल श्री सत्य साई मंदिर प्राथमिक स्कूल के पास, सरगीपाल पारा, कोण्डागांव रखा गया है। आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम में कोण्डागांव जिले और अन्य आसपास के क्षेत्रें से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस विशेष आयोजन में सम्मिलित होकर भक्तजन भगवान के चरणों में अपनी आस्था प्रकट करेंगे और साथ ही सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे।

# धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व, व्रतियों ने किया पारण, घाट पर रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

### उगते सूर्य को व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर दिया अर्घ्य





क्षेत्र में सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा को बड़े ही धूमधाम मनाया गया । गुरुवार को तालाब और नदी के तट पर छठ पूजा की गई। छठ पूजा को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला । व्रती माताओं ने गुरुवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद आज शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे की कड़े उपवास रहकर छठ पूजा को सम्पन्न किया । क्षेत्र की व्रती माताओं ने इस बार सोनाबेडा गाँव के नदी किनारे छठ पूजा का आयोजन किया । गुरुवार की सुबह से व्रती माताएं नदी में पवित्र स्नान कर निर्जला उपवास रहकर सूर्य को अर्घ्य देकर संतान और परिवार की सुख शांति की कामना की गई । इस छठ पूजा में माताओं ने 36 घंटे कड़ी उपवास रहकर विधिविधान से सूर्य देव और छठी मैया की पूजा अर्चना की गई। आज सुबह छठ घाट पर बड़ी भीड़ रही। व्रती महिलाओं के परिजन के अलावा लोग प्रसाद लेने भी पहुंचे। सूर्य उपासना के पर्व छठ पूजा का बड़ा महत्व है। इसमें शुद्धता और पालन विधि का कड़ाई से पालन किया जाता है, जिससे इसके प्रसाद की बहुत महिमा मानी जाती है।

### सफलता : तीन लाख की अवैध शराब, 1.68 लाख नगद जब्त

# कोंडागांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई अन्तराज्यीय शराब तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव





कोंडागांव जिले में पुलिस ने अन्तराज्यीय शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही 02 कारें, 01 स्कूटी, 2600 बोतल गोवा व्हीस्की 52 कार्टून और 1,68,500 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। जब्त शराब और वाहनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15,27,500 रुपये आंकी गई है। कोंडागांव के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अन्तराज्यीय शराब तस्करों पर सख्त नज़र रखी जा रही थी। दिनांक 07 नवम्बर 2024 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद स्कूटी पर एक व्यक्ति पायलटिंग करते हुए काले रंग की दो कारों रेनॉल्ट काइगर और बोलेनो में अवैध शराब लेकर रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केडी पटेल के मार्गदर्शन में, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव के नेतृत्व में थाना कोंडागांव और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने नारायणपुर तिराहे पर वाहनों की घेराबंदी की। संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने पर दोनों कारों में कुल 52 कार्टून अवैध गोवा व्हीस्की मिली, जिनकी अनुमानित कीमत 2,99,000 रुपये है। इसके साथ ही, स्कूटी की डिक्की से 1,68,500 रुपये नकद बरामद हुए। तस्करी में प्रयुक्त वाहनों की कीमत लगभग 10,60,000 रुपये है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम संजय सिंह कोंडागांव, दिनेश लहरे जगदलपुर, राजू कुमार रोटे छोटे तोकापाल, वेदांत चौरसिया भिलाई, बलजीत सिंह भिलाई, विष्णु दास धमतरी।

जप्त सम्पत्ति – गोवा व्हीस्की कुल 52 कार्टून 2600 बोतल अनुमानित कीमत 2,99,000 रुपये, 02 कार एवं 01 स्कूटी अनुमानित कीमत 10,60,000 रुपये, नकद राशि 1,68,500 रुपये, 06 मोबाइल फोन। आरोपियों के खिलाफ थाना कोंडागांव में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

कार्यवाही में पुलिस टीम का योगदान – इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सउनि दिनेश पटेल, राम—ष्ण जैन, प्रआर अशोक मरकाम, साइबर सेल से उनि अमिताभ खांडेकर, संजय वट्टी और अन्य टीम सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# जलाराम बापा की जयंती पर निकाली प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गुजराती समाज एवं जलाराम सेवा ट्रस्ट की ओर से जलाराम बापा की 225 जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सुबह प्रभात फेरी निकली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के पुरुष महिला और बच्चे शामिल हुए। जलाराम बापा का स्वागत एवं स्थापना आरती की गई। इसके बाद दोपहर जलाराम बापा की शोभा यात्रा जलाराम मंदिर से निकल कर शहर के शहीद पार्क चौक, मेन रोड चौक, गुरु नानक चौक होते हुए पनामा चौक से जलाराम मंदिर की ओर गई। जिसमें बच्चों ने जलाराम बापा, मां वीरबाई और साधु संत की सजीव झांकी में रूपधारण किया था। जिसमें गाजे-बाजे के साथ महिला, पुरुष एवं समाज के सदस्य शामिल हुए। शोभायात्रा का अलग-अलग चौक चौराहों में स्वागत किया गया।

# पासंगी में कलार समाज ने धूमधाम से मनाई सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती



**फरसगांव।** नगर पंचायत के आश्रित ग्राम पासंगी में क्षेत्र के कलार समाज के लोगों ने सामाजिक भवन में शुक्रवार को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई । सुबह कलार समाज की महिलाओं के द्वारा गाँव मे कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद कार्यक्रम स्थल पर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और तिलक लगाकर पूरे विधि–विधान के साथ पूजा की गई। इस आयोजन में समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर रात में पंडवानी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था । इस दौरान घासीराम नाग, हलदेव पाण्डे, चंपा पाण्डे, मूलचंद पाण्डे, सिदेश सेठिया, रुपनाथ नेताम, प्रेम सिंह पाण्डे, लोचन पाण्डे, कुंती पाण्डे, कयबति बैध, मेहतरीन बाई सेठिया , प्रेमदई पाण्डे, मनसा बती सेठिया , सावित्री पोयाम , प्रमिला नाग सहित क्षेत्र के युवा युवती बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# नारायणपुर व नरहरपुर को हराकर बस्तर व बचेली ने जीते अपने मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के दूसरे दिन दो मैच खेले गए। पहले मुकाबले में नारायणपुर को एक के मुकाबले दो गोल से बचेली ने परास्त किया। वहीं दूसरे एकतरफा मुकाबले में डीएफए बस्तर ने नरहरपुर को एक के मुकाबले चार गोल से हराया। अखिल भारतीया फुटबाल स्पर्धा के दूसरे दिन पहला मैच नारायणपुर विरूद्ध बचेली के मध्य खेला गया। बचेली की ओर से पहला गोल मैच के 45 वें मिनट में जर्सी नम्बर 8 भोला ने किया इसके जवाब में नारायणपुर के जर्सी नम्बर 11 अनिल ने 61 वें मिनट में एक गोल कर बराबरी कर ली। इसके बाद मैच के 79 वें मिनट में बचेली की ओर से जर्सी नम्बर 10 गौरव ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल किया। इसके जवाब में नारायणपुर के खिलाड़ी कोई गोल नहीं कर सके। इस मैच को बचेली ने एक के मुकाबले दो गोल कर विजयी रही। स्पर्धा का दूसरा मुकाबला डीएफए बस्तर विरूध नरहरपुर के मध्य खेला गया। मुकाबले में मैच के शुरूआत से ही बस्तर की टीम हॉबी रही। बस्तर की ओर से पहला गोल जर्सी नम्बर 47 राज नाग ने मैच के 7 वें मिनट में किया। वहीं दूसरा गोल जर्सी नम्बर 15 जयराम ने मैच के 13 वें मिनट में, जर्सी नम्बर 11 अमित नाग ने मैच के 48 वें मिनट में तथा जर्सी नम्बर 6 रोहित भारती ने मैच के 63 वें मिनट में अपनी टीम के लिए चौथा गोल किया। इसके जवाब में नरहरपुर की ओर से एकमात्र गोल जर्सी नम्बर 9 त्रिलोक ने मैच के 38 वें मिनट में किया। इस मैच को बस्तर की टीम ने 4-1 से जीती। पहले मुकाबले में मुख्य निर्णायक उमाशंकर के अलावा दीपक, नितेश कुमार व प्रफुल्ल रहे। वहीं दूसरे मुकाबले में मुख्य निर्णायक प्रफुल्ल कुमार के अलावा विजय, रायसिंग व दीपक डहरिया रहे।

**स्पर्धा में आज दो मुकाबले**

स्पर्धा के तीसरे दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला कलकता विरूद्ध चित्रकोट ओडिशा व दूसरा मुकाबला डीएफए बस्तर विरूध स्पोर्टिंग क्लब कोटपाड़ के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता में शनिवार से देश के अलग अलग राज्यों की बड़ी टीमों के बीच मुकाबला होना है। इसे देखने के लिए खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### अनुमति नहीं मिलने से नाराज लोगों ने किया धरना-प्रदर्शन



**जगदलपुर।** 8 से 10 नंबवर को मसीह समाज के ब्लेस प्रार्थना सभा की अनुमति नहीं दिए जाने के विरोध में समाज के लोगों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरने में बैठकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोग इस बात से नाराज थे कि धर्म गुरू पाल दिनाकरण की प्रार्थना सभा की अनुमति नहीं दी गई। सभा स्थल कलेक्टोरेट से लगा हुआ है जहां पर सुबह से ही लोगों का आना जारी रहा और दोपहर में जब भीड़ बढ़ गई तो नाराज लोगों ने कलेक्टोरेट जाकर अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखने की सोची। समाज के युवा नेता नवनीत चांद, रोजवीन दास समेत अनेक लोग मौजूद रहे। बताया गया कि कलेक्टर के प्रवास में होने के कारण चर्चा नहीं हो सकी। इसलिए शनिवार को कलेक्टर से मिलने का आश्वासन मिलने के बाद लोग धरना प्रदर्शन छोड़ वापस लौट गए। कलेक्टोरेट में बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती रही।

# स्टॉल लगाकर आमजनों को दी गई विधिक से संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव के मार्गदर्शन में एवं गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में 5 नवम्बर से 7 नवम्बर 2024 तक विकास नगर स्टेडियम कोण्डागांव में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह में स्टॉल लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के रिटेनर अधिवक्ता एवं अधिकार मित्र द्वारा आमजनों को नालसा एवं सालसा के योजनाओं के संबंध में विधिक जागरूक किया गया। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से नालसा के योजनाओं से संबधित शार्ट फिल्म दिखाया गया। आगामी नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर के संबंध में एवं विभिन्न योजनाओं के संबंध में पॉम्पलेट वितरण किया गया। जिसमें महिलाओं के अधिकार, बाल अधिकार, सम्पत्ति विवाद, निःशुल्क कानूनी सहायता नागरिकों को उनकी कानूनी अधिकार, टोन्ही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के संबंध में तथा विधिक सहायता एवं सलाह कैसे एवं किन–किन रूपों में प्राप्त की जा सकती है तथा निःशुल्क विधिक सहायता आवेदन भरने की प्रक्रिया तथा नालसा हेल्प लाईन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। ताकि न्याय से कोई भी वंचित न रहें, न्याय सबके लिए। इस अवसर पर सुरेन्द्र भटट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव, कार्यालय स्टॉफ एवं अधिकार मित्र रविन्द्र सिंह बघेल, पारेश्वर देवांगन, विवेक कश्यप, श्रीमती हसीना खान तथा सुश्री जरीना बानों उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### पार्क से लौट रही विवाहिता को...

गया जिसने पूछताछ में घटना करना स्वीकार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 61(1), 296, 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई सुजाता नायडू व आरक्षक कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बाबू पर पांच माह पहले...

लगातार अंजाम देता रहा। **कारण बताओ के 9 बिंदुः** कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग जगदलपुर ने अपने पत्र क्रं./स्था./संयु./संचा./2024/354 दिनांक 11/6/24 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र में यह उल्लेख है कि आपके द्वारा जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में पदस्थ रहते हुए शासकीय नियमों के विपरित कृत्य किया गया है जिसकी जांच मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दंतेवाड़ा द्वारा प्रस्तुत किया जा चुका है। उनके द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन कलेक्टर दंतेवाड़ा को उपलब्ध कराये जाने के फलस्वरूप संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के माध्यम से भेजे गए। आपके ऊपर आरोप सही पाये गए हैं जिनमें जिला चिकित्सालय में वर्ष 2022 में पैथालाजी लैब एवं ओपीडी की तकनीकी स्वीकृति दस्तावेज उपलब्ध नहीं करना, आपके द्वारा मनमानी ढंग से कार्य करना, डीएमएफ राशि स्वीकृत वेतन राशि को बिना किसी अधिकारी की अनुमति से दूसरे कार्य में राशि खर्च करना, दो वर्ष से डीएमएफ अंतर्गत कार्यरत चिकित्सा अधिकारी/कर्मचारियों का टी.डी.एस. राशि को जमा नहीं किया गया। प्रतीक साहू से डीएमएफ अंतर्गत कार्य दिलाने के एवज में 5 लाख आरटीजीएस के माध्यम से अपने परिजन के खाते में जमा कराया जाना तथा मेसर्स सुभाष फैंसी स्टोर दंतेवाड़ा की राशि 81 लाख 8 हजार 1 सौ 45 रुपए का क्रय व्यय संबंधित जानकारी सिविल सर्जन को प्रस्तुत नहीं किया जाना शामिल है।

### बेहतर कानून व्यवस्था के लिए...

कराना चाहिए। पूर्व महापौर जतिन जायसवाल ने कहा छत्तीसगढ़ हमेशा से शांतिप्रिय राज्य रहा है। यहां हर समाज अपने विधि विधान के साथ एकता, अखंडता व सामाजिक सौहार्दपूर्ण तरीके से अपने त्यौहार मनाते है किंतु भाजपा की 10 महीनों की सरकार से आज प्रत्येक समाज, वर्ग परेशान व आहत है। मसीह समाज के आयोजन में जिला प्रशासन की निष्क्रियता उजागर हुई है जो कि भाजपा सरकार की सबसे बड़ी फेलियर है। इस सरकार से कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। जनता को सुरक्षा देने में यह सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो चुकी है।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर जितेंद्र अहुलवालिया, प्रशांत जैन, जाहिद हुसैन, पार्षद विक्रम सिंह डांगी, लता निषाद, कोमल सेना, सुषमा सुता, आभास महंती, शुभम यद्धु, ललिता राव, बलदेव साहू,दयाराम नाग आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### डाकघर का सर्वर बंद



**भानपुरी।** डाकघर भानपुरी का सर्वर पिछले एक सप्ताह बंद होने से ग्रामीण परेशान है। पैसा जमा व निकासी प्रक्रिया सहित आधार कार्ड संबंधी कार्य के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने व्यवस्था को दूरस्थ करने की मांग संबंधित अधिकारियों से की है।

### नाम मतदाता सूची में प्रविष्ट करने के संबंध में दिशा-निर्देश

**दंतेवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के संबंध में कार्यक्रम जारी किया गया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम अनुसार 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची में विलोपन कराने, संशोधन एवं स्थानांतरण कराने हेतु दावा, आपत्ति प्राप्त किया जाएगा । इस संबंध में 9 नवंबर, 10 नवंबर एवं 16 नवंबर, 17 नवंबर को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची में विलोपन कराने, संशोधन एवं स्थानांतरण कराने हेतु आवेदन किया जा सकता है।

### उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पर्व का हुआ समापन

# नगर में उल्लास के साथ मनाया गया छठ महापर्व







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

चार दिवसीय छठ महापर्व आज चौथे दिन उगते सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही सपन्न हो गया। अल सुबह छठ व्रतियों ने डंकनी नदी घाट पहुंचकर उदयीमान होते सूर्य को दूध से अर्घ्य दिया और छठी मईया से आर्शीवाद लिया। इस दौरान सूर्य को अर्घ्य देने घाट पर बहुततायात संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। अर्घ्य देने के बाद छठव्रतियों से सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हर वर्ष की भांति इस साल भी दंतेवाड़ा में छठ पर्व पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार शाम षष्ठी तिथि को अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठव्रती कार्तिक पक्ष के सप्तमी तिथि पर शुक्रवार सुबह डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर नदी के अंदर कमर तक पानी में घंटों खड़े रहकर उगते सूरज की आराधना की और सूर्यदेव को अर्घ्य दिया।

लोक आस्था का महापर्व छठ बिहार, झारखण्ड व उत्तरप्रदेश में मुख्य रूप से मनाया जाता है। छठ एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें न केवल उदय होते सूरज की पूजा की जाती है बल्कि डूबते सूरज को भी पूजा जाता है। छठव्रतियों ने गुरूवार शाम डंकनी नदी घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्यदेवता की पूजा अर्चना की। महिलाओं ने घाट पर बने चौरा मंडप की विधि विधान से पूजा अर्चना कर छठी मईया से पुत्र तथा परिवार की दीर्घायु की कामना की। डूबते सूर्य को अर्य देने के बाद आज सप्तमी तिथि को सुबह पुनः उसी जगह पर पहुंचकर व्रतधारियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा कर परिवार के सुख समृद्धि व शांति की कामना की। अर्घ्य देने भोर से ही व्रतियों का आना जाना प्रारंभ हो गया था। व्रती महिलाओं ने पूजा की टोकरी में अलग अलग तरह के फल जैसे- केला, गन्ना, नारियल, सेव अनानास, संतरा, मोसंबी, मूली, सिंगाड़ा आदि पूजन सामग्री सहित सूप को सिर पर रखकर नंगे पांव परिवार समेत डंकनी नदी घाट छठ पूजा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान परिवार की महिलाएं छठी मईया की गीत-गाते चल रही थी। डंकनी नदी घाट पर पहुंच व्रती महिलाओं ने डंकनी नदी के अंदर घंटों खड़े रहकर उदयीमान होते सूर्य को नमन कर विश्व छठी मैया की पूजा की। पुरूषों ने भी कच्चे दूध को से अर्य देकर सूर्यदेवता की आराधना की। इस मौके पर व्रतियों ने छठी मईया के गीत भी गाए। यूपी बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकवां का भोग सूर्यदेव को चढ़ाया गया।

ठेकवा के अलावा सिंगाडा, सीताफल, केला, अदरक, हल्दी, नींबू,गाजर, शकरकंद व अन्य फल अर्पित किए गए। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 36 घंटे से चला आ रहा व्रतियों के निर्जला उपवास का कठिन दौर आज समाप्त हो गया। पर्व समापन पश्चात घाट पर ही सभी लोगों ने एक दूसरे को प्रसाद वितरण कर छठ की शुभकामनाएं दी।

## उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

उत्तर भारतीय परिवार की आस्था से जुड़े छठ महापर्व का शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ समापन हुआ। इसके पूर्व संध्या को डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने व्रत रखा था।

पुत्र प्राप्ति, समृद्धि एवं मंगल कामना के पर्व छठ पर गुरूवार की शाम भानपुरी तालाब (छठ घाट) में व्रतियों ने अस्ता चलगामी सूर्य देव को अर्घ्य देते हुए छठ मईया को दीप अर्पित किया। अर्घ्य देने के लिए लोग तालाब में उतरे। इसके पश्चात शुक्रवार की भोर उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण और चार दिवसीय पर्व का समापन हो गया। इस दौरान दर्शनार्थियों ने भी छठ घाट पहुंच व्रतियों से प्रसाद ग्रहण कर शुभकामनाएं दी।

छठ का पर्व जात-पात और अमीरी-गरीबी के भेद को खत्म करता है और इस पर्व में हर कोई बराबर होता है। कार्तिक मास के षष्ठम तिथि को मनाएं जाने वाला यह महापर्व भानपुरी सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान भानपुरी में भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें बड़ी ही संख्या में लोगों ने पहुंच प्रसाद ग्रहण किया।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे अधिकारी

# औचक निरीक्षण में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



सुकमा जिले में शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर कलेक्टर के निर्देश का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। एक ओर जहां कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में पहुंच व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे है तो दूसरी ओर शिक्षा विभाग के अधिकारी भी अब अंदरूनी क्षेत्रें में पहुंच कर लापरवाह कर्मचारियों की कार्यप्रणाली से रूबरू हो रहे है। 6 नवंबर को शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने जगरगुण्डा क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थाओं का निरीक्षण कर अनियतिता को पकड़ा।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी, जिला मिशन समन्वयक उमाशंकर तिवारी, सहायक परियोजना समन्वयक और विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर ध्रुव भी इन दिनों सप्ताह में दो से तीन दिन अंदरूनी क्षेत्रों का दौरा कर विकास कार्यो के साथ साथ शैक्षणिक व्यवस्था से रूबरू हो रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा जीआर मांडवी ने बताया कि जगरगुण्डा और चिंतलनार क्षेत्र के 9 शालाओं का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला बुरकापाल में शिक्षक पंकज कुमार सिदार की लगातार अनुपस्थिति के चलते विभागीय जांच की कार्यवाही शुरू की जाएगी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगरगुण्डा में एसआर मुचाकी व्याख्याता एलबी महेन्द्र देवांगन व्याख्याता एलबी, और टीकमराम साहू व्यायाम शिक्षक अनुपस्थित पाए गए।

इसी तरह जनपद प्राथमिक शाला जगरगुण्डा में सहायक शिक्षक बीवन कुमार, माध्यमिक शाला उरसांगल में शिक्षक रमेश कुमार, माध्यमिक शाला मिसीगुडा में प्रधान अध्यापक मंजू ध्रुव और शिक्षक सपना कुजुर, माध्यमिक शाला तरलागुडा में शिक्षक विजय कुमार और भृत्य सुशील कुमार और पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय चिंतलनार में सहायक शिक्षक चम्पेश्वर पाण्डेय भी अनुपस्थित पाए गए।

### शिक्षकों के वेतन कटौती के निर्देश

कलेक्टर के निर्देश पर सुकमा, कोन्टा और छिन्दगढ के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा 32 अन्य शालाओं का निरीक्षण किया गया। बालक आश्रम शाला मेहता में सहायक शिक्षक श्रीमती नागेश्वरी दुर्गम और प्रधान अध्यापक श्रीमती तुलेश्वरी ठाकुर अनुपस्थित पाए गए, जबकि प्राथमिक शाला कुकानार में भी अनुपस्थितियां पाई गईं।

इन शिक्षकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए उनके वेतन में कटौती के निर्देश संबंधित डीडीओ को दिए गए हैं।

# नियमितिकरण की मांग को लेकर सैंकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ ने संयुक्त मंच के बैनर तले एकजुट होकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन के सामने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



व सहायिका संघ ने संयुक्त रूप से अपनी मांगो को लेकर एक दिवसीय धरना कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका संघ 409 की जिलाध्यक्ष रेहाना खान ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत मेहनतकश महिला कर्मियो को मूलभूत सुविधा दे। श्रीमती रेहाना खान ने आगे बताया कि पंचायत कर्मी, शिक्षा कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, पचायत सचिवों को सरकार नीति बनाकर उन्हें शासकीय कर्मचारी कर चुकी है। आंगनबाडी कार्यकर्ता विगत 50 सालो से कार्यरत है। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को नियमित करते हुये शासकीय कर्मचारी घोषित करें।

बस्तर संभाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ की जिलाध्यक्ष रम्भा गागड़ा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 21000 हजार और सहायिका को 17850 हजार रूपये जीने लायक वेतन दें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बिना उम्र बंधन के वरिष्टता क्रम में बिना परीक्षा के सुपरवाइजर के रिक्त शत प्रतिशत पद पर लिया जाये।

इसी तरह सहायिकाओं को भी 50 प्रतिशत के बंधन को समाप्त कर कार्यकर्ता के पद रिक्त होने पर शत प्रतिशत वरिष्ठता क्रम में कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति किया जाए। इस धरना प्रदर्शन में जिले भर के सैंकड़ों कार्यकर्ता व सहायिका शामिल थे।

# बस्तर ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय खेल स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



प्रदेश सरकार की पहल पर बस्तर संभाग में युवाओं को खेल के माध्यम से जोड़ने के लिए बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में मुंडागांव व घोटिया जोन के 740 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लिए। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप व एसडीएम एआर राणा की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप एवं जनपद अध्यक्ष टिकेश्वरी मंडावी की दो अलग-अलग महिलाओं की टीम रस्सा खींच प्रतियोगिता में भाग लेकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। जनपद अध्यक्ष की टीम रस्सा खींच में विजेता रही। बस्तर ओलंपिक में भाग लेने युवाओं में दिखा उत्साह जिसमें खेल में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबीकूद, ऊंची कूद, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी वेट लिफ्टिंग, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी खेल में प्रतिभागियो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता में जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, मंडल अध्यक्ष उदबो राम नाग वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष डोमाय मौर्य उपाध्यक्ष शालीन सैमसंग, नेता प्रतिपक्ष अनिल परिहार,अनूप तिवारी एवं जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, तहसीलदार जॉली जेम्स, बीईओ लोकनाथ नाग, बीआरसी राजेंद्र सिंह ठाकुर सहित संकुल समन्वयक,खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों ने भोजन व्यवस्था का किया अवलोकन

घोटिया व मुंडागांव जोन से पहुंचे सैकड़ो खिलाड़ियों के लिए भोजन बन रहे व्यवस्था का जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया। भोजन व्यवस्था मंडल संयोजक की टीम व्यवस्था को खिलाड़ियों के लिए भोजन बनाया जा रहा है। उक्त स्थल का जनप्रतिनिधियों ने निरिक्षण किया।

## खण्ड शिक्षा अधिकारी कटेकल्याण कांग्रेस का एजेंट बनकर ग्रामीणों का करा रहे कांग्रेस प्रवेश : धीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भाजपा जिला महामंत्री एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा की खण्ड शिक्षा अधिकारी कटेकल्याण पुष्कर वर्मा कांग्रेस पार्टी के एजेंट के तौर पर कार्य कर रहे है। उन्होंने 2 दिवस पूर्व अपने शासकीय आवास में कांग्रेस के नेताओं को भोजन करवाने सीपीआई के कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया उनके आने जाने, भोजन समेत समस्त प्रबंध उनके द्वारा ही किया गया और लगातार इस तरह की प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी को सुनियोजित तरीके से बदनाम करने की ओछी मानसिकता का कार्य पुष्कर वर्मा कर रहे है। धीरेन्द्र प्रताप ने कहा की इसकी लिखित शिकायत कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं जिला शिक्षा अधिकारी से करने जा रहा हूं एवं पुष्कर को अगर कांग्रेसियों से इतनी हमदर्दी है तो वे शासकीय नौकरी त्याग कर कांग्रेस पार्टी प्रवेश कर कार्य करे। कटेकल्याण क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीणों को भ्रमित कर कांग्रेस में प्रवेश करवाना बंद करे। उन्होंने कहा की इसके साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने शासकीय पद का दुरूपयोग कर अन्य कर्मचारियों पर दबाव बनाकर कांग्रेस के कार्यक्रम के लिए खाना बनाने और सामान पहुंचाने का भी कार्य कर रहे है। जिला प्रशासन से आग्रह किया है की खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यो की तत्काल जांच करवाया जाये और जांच होने तक पदमुक्त किया जाये।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

